Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding auction of Bharat Pump & Compressors Limited, Prayagraj, Uttar Pradesh-laid.

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद): मैं मा0 मंत्री, भारी उधोग मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूँ कि भारत पम्पस् एण्ड कोम्प्रेसेर्स लिमिटेड, (बी पी सी एल) प्रयागराज की स्थापना 1970 में हुई थी तथा लम्बे समय तक यह मिनी नवरत्ना कम्पनी का दर्जा प्राप्त रही । दुर्भाग्य से जुलाई 2020 में मंत्री परिषद, भारत सरकार के निर्णय से बी.पी.सी.एल को बंद कर दिया गया । अब इसकी नीलामी हो रही है ।

बी.पी.सी.एल की अचल सम्पत्ति (भूमि) उत्तर प्रदेश सरकार की मिल्कियत है जो कि लीज पर भारत सरकार को दी गयी थी । फैक्ट्री में उपयोग की जा रही टेक्नॉलाजी व भवन केन्द्र सरकार की सम्पत्ति है ।

केन्द्र सरकार ने भवन को उत्तर प्रदेश सरकार को स्थानांतरित करने का निर्णय ले लिया है । मान्यवर, बी.पी.सी.एल सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में हैवी मड पम्प व कम्प्रेसर बनाने वाली एक मात्र कम्पनी है । आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी की घोषणा है कि ऐसी कंपनियों को बचाया जायेगा ।

मेरा निवेदन है कि बी.पी.सी.एल की चल अचल सम्पत्तियों को तथा टेक्नॉलाजी को एक साथ नीलाम किया जाये क्योंकि निजी क्षेत्र की कई कम्पनियों ने बी.पी.सी.एल को खरीदने में रूचि दिखायी है ।